*This Question Paper contains 8 printed pages.*
***(Sections - A, B, C & D)***

Sl.No. 26072

# 10 (H)

**(MARCH/APRIL, 2022)**

***Time : 3 Hours]*** ***[Maximum Marks : 80***

**सूचनाएँ :**

1) हस्तलेखन को स्पष्ट लिखिए।
2) इस प्रश्नपत्र में चार विभाग हैं A, B, C और D एवं कुल 1 से 54 प्रश्न हैं।
3) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं, आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।
4) दाहिनी ओर प्रश्न के अंक दिये गए हैं।
5) सूचना के अनुसार आकृतियाँ स्वच्छ, स्पष्ट और उचित प्रमाण में बनाएँ।
6) नया विभाग नये पन्ने पर लिखिए। प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दीजिए।
7) प्रश्न 54 नक्शापूर्ति का है । उसमें अंध विद्यार्थी के लिए अलग प्रश्न हैं।

## विभाग – A

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर मांग के आधार पर लिखिए। (प्रत्येक के 1 अंक)** **[24]**

- योग्य जोड़े बनाइए। **[5]**

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| 1) अंबाजी | (A) भवनाथ का मेला |
| 2) गिरनार | (B) भादरवी (भादों पूनम का मेला) |
| 3) धोलका | (C) जरीकाम |
| 4) सूरत | (D) वल्लभी विद्यापीठ |
| 5) पाटण | (E) वैठा का मेला |
| | (F) नालंदा विद्यापीठ |

- **निम्नलिखित विधान सही या गलत, बताइए।**

6) नालंदा विद्यापीठ के बौद्ध आचार्य नागार्जुन थे। [1]

7) सामान्यतया मिले ऐसे संसाधन को सामान्य सुलभ संसाधन कहते है। [1]

8) पृथ्वी पर जल संसाधन का मूल स्रोत ''वृष्टि'' है। [1]

9) श्रम उत्पादन का निर्जीव साधन है। [1]

10) आतंकवाद सिर्फ देश की समस्या है। [1]

- **सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

11) महर्षि चरक ........... ग्रंथ लिखे थे। [1]
(चरकसंहिता, सुश्रुतसंहिता, वाग्भट्टसंहिता)

12) एलिफेंटा की गुफा ............ राज्य में आयी है। [1]
(आन्ध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात)

13) ............... देश का सर्वाधिक सौर्य ऊर्जा प्राप्त करने वाला राज्य है। [1]
(महाराष्ट्र, गुजरात, केरल)

14) विकासशील देश की ............ मुख्य आर्थिक प्रवृत्ति होती है। [1]
(खेती, व्यापार, उद्योग)

15) नीचे के देशो में निम्न मानव विकास अंक वाले देश ............... है। [1]
(नार्वे, नाईजर, ब्राजील)

- **निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए।**

16) निम्नलिखित में से कौन सा विधान सही नही है। [1]

(A) भारत ने विश्व में ''वसुधैव कुटुंबकम'' की भावना साकार की है।

(B) ''मुझे कहते गर्व हो रहा है कि जिस धर्म का मैं प्रतिनिधि हूँ। उस धर्म ने जगत को सहिष्णुता और विश्वबंधुत्व का पाठ सिखाया है। स्वामी विवेकानन्द।

(C) सहिष्णुता और विश्वबंधुत्व में मानने वाली भारतीय प्रजा ने डच और अंग्रेजों का भी सत्कार किया।

(D) प्राचीन भारत के ज्योतिर्धरो ने भारत की आर्थिक एकता पर बल दिया था।

17) यह जमीन हिमालय की घाटियों एवँ ढ़लानो के क्षेत्रो में 2700 मीटर से 3000 मीटर तक की उँचाई पर पायी जाती है। इसके स्तर पतले एवँ अपरिपक्क होते है। यह किस प्रकार की जमीन है। [1]

(A) लेटेराइट जमीन (B) पर्वतीय जमीन

(C) दलदलीय जमीन (D) लाल जमीन

18) निम्नलिखित बहुउद्देशीय योजनाओं को अनेक लाभान्वित राज्यो के साथ जोड़कर योग्य क्रम चुनिए।[1]

(1) भाखरा – नांगल (A) बिहार

(2) कोसी (B) पंजाब

(3) नागार्जुन सागर (C) गुजरात

(4) नर्मदा (D) आन्ध्र प्रदेश

(A) (1 - B), (2 - A), (3 - C), (4 - D)

(B) (1 - B), (2 - A), (3 - D), (4 - C)

(C) (1 - D), (2 - C), (3 - B), (4 - A)

(D) (1 - C), (2 - D), (3 - A), (4 - B)

19) विश्व व्यापार संगठन की स्थापना कब हुई? [1]

(A) ता :– 8-8-1995 (B) ता :– 8-3-1995

(C) ता :– 1-1-1995 (D) ता :– 21-4-1995

20) भारत में नक्सलवादी आन्दोलन का प्रारंभ सबसे पहले पश्चिम बंगाल के किस विस्तार से शुरू हुआ?[1]

(A) नक्सलबारी (B) उत्तरबारी

(C) नोर्थबारी (D) उत्तर–पूर्व

- **नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक–दो वाक्य में लिखों।**

21) गुजरात में रोप–वे किन स्थानों पर आए हुए है? [1]

22) भारत में सबसे कम गरीबी वाला राज्य कौन सा है? [1]

23) "विश्व वृद्ध दिवस" किस तारीख को मनाया जाता है? [1]

24) ई. स. 1972 में स्वीडन के किस शहर में पर्यावरण की सुरक्षा हेतु पहली वार पृथ्वी परिषद का आयोजन किया गया था? [1]

## विभाग - B

- **निम्नलिखित प्रश्न संख्या 25 से 37 तक 13 प्रश्नों में से किन्हीं 9 (नौ) प्रश्नों के उत्तर लगभग (15 से 35) शब्दों में लिखिए। (प्रत्येक के 2 अंक)** [18]

25) प्राकृतिक विरासत में किन-किन बाबतो का समावेश होता है? [2]

26) ''पडी पटोले भात फाटे पर फीटे नहि'' यह कहावत किसके साथ सम्बधित है? इसके विषय में परिचय दीजिए। [2]

27) नीचे दिए गए शब्द का परिचय दीजिए। [2]

(1) कुमीन (2) गरबा

28) प्राचीन भारत की वास्तुशास्त्र में किन विद्वानों का विशेष योगदान रहा है? [2]

29) गुजरात में कौन-कौन से संग्रहालय आये हुए है? [2]

30) बहुउद्देशीय योजना का महत्व बताइए। [2]

31) ताँबा की उपयोगिता बताइए। [2]

32) भारत में लोहे के मुख्य प्राप्ति स्थान बताइए। [2]

33) (1) मुझे पहचानों- मैं भारत की सिलिकोन वेली कहा जाता हूँ।

(2) मुझे सनराइज उद्योग (Sunrise Industis) भी कहते है।

[2]

34) मुंबई और अहमदाबाद सूती कपड़ा उद्योग का केन्द्र है। समझाओ। [2]

35) आंतरिक व्यापार का अर्थ उदाहरण सहित समझाइए। [2]

36) संकल्पना समझाइए : [2]

(1) प्रति व्यक्ति आय


(2) बिन आर्थिक प्रवृत्ति

37) पर्यावरण की सुरक्षा के लिए उपाय बताइए। [2]

## विभाग - C

- **निम्नलिखित प्रश्न संख्या 38 से 46 तक 9 प्रश्नों में से किन्हीं 6 (छ) प्रश्नों के उत्तर लगभग (60 से 80) शब्दों में लिखिए। (प्रत्येक के 3 अंक)** [18]

38) नीचे दिये गए भारत के नक्शा के आधार पर गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश में आये हुए साँस्कृतिक विरासत के स्थलों की सूची बनाओ। [3]



39) नीचे एक कोष्ठक दिया है। जिसमें भारत के प्रसिद्ध विद्यापीठो, नालंदा, तक्षशिला, वाराणसी और वल्लभी विद्यापीठ के साथ जुड़े हुए महान व्यक्ति है। जिनको खोजकर विद्यापीठ के अनुसार अलग करे। [3]

| | | |
|---|---|---|
| → महावीर स्वामी | → भगवान बुद्ध | → कुमार गुप्त |
| → व्याकारणशास्त्री पाणिनी | → चन्द्रगुप्त मौर्य | → आचार्य गुणमति |
| → आदि शंकराचार्य | → चीनी प्रवासी इत्सिंग | → चीनी प्रवासी ह्यु-एन सांग |
| → आचार्य स्थिरमति | → चैतन्य महाप्रभु | → राजनीतिज्ञ कौटिल्य |

40) ताजमहल स्थापत्य का परिचय दीजिए। [3]

41) जमीन कटाव अर्थात क्या? जमीन का कटाव रोकने के उपाय बताइये। [3]

42) वन्य जीवों के विनाश के कारण बताओ। [3]

43) गरीबी रेखा के नीचे जीवन जीने वाले के लक्षण लिखिए। [3]

44) ग्राहक का किस-किस तरह से शोषण होता है। समझाइए। [3]

45) आतंकवाद और विद्रोह के बीच भेद स्पष्ट कीजिए। [3]

46) भारत में स्त्री-पुरूष की असमानता का कारण बताओ। [3]

## विभाग – D

- **47 से 53 तक दिए गए सात प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रश्न संख्या – 54 (नक्शा) अनिवार्य है। (लगभग 120 से 150 शब्दों में) (प्रत्येक के 4 अंक)** [20]

47) पाठ–3 के आधार पर एक कोष्ठक दिया है। इस नमूना के अनुसार उत्तर वही में कोष्ठक बनाकर उसके मांग के अनुसार गुजरात के शिल्प–स्थापत्य के स्थलों के नाम के साथ तीन–तीन क्रम तक लिखों। [4]

उदाहरण : गुजरात की मस्जिद

(1) जामा मस्जिद – अहमदाबाद

| क्रम न. | गुजरात के मंदिर | स्थल | क्रम न. | गुजरात के जैन मंदिर | स्थल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 1 | | |
| 2 | | | 2 | | |
| 3 | | | 3 | | |

| क्रम न. | गुजरात की बावडी | स्थल | क्रम न. | गुजरात की गूफा | स्थल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 1 | | |
| 2 | | | 2 | | |
| 3 | | | 3 | | |

48) गणित शास्त्र में आर्यभट्ट द्वारा की गयी खोज के विषय में लिखिए। [4]

49) अन्तर बताइए :– खरीफ फसल – रबी फसल। [4]

50) नीचे के दो फसलों के चित्रों को देखकर उन्हे पहचानों और उसके बारे में टिप्पणी लिखो। [4]

(तापमान, बरसात, जमीन की अनुकूलता, उत्पादक राज्य)

(1)



तथा

(2)



51) बेरोजगारी के प्रकार बताइए। [4]

52) I.S.I., F.P.O., M.P.O., HACCP, के मार्क का पूरा नाम लिखो और किन–किन वस्तुओं पर लगाया जाता है। बताओ। [4]

53) बाल मजदूरी अर्थात क्या? बाल मजदूरी कहाँ–कहाँ देखने को मिलती है। बाल मजदूरी रोकने के उपाय बताओ। [4]

54) निम्नलिखित स्थानों में दिए गए भारत के मानचित्र (नक्शे) में दर्शाइए। [4]

1) रेगिस्तानी प्रकार की जमीन
2) गीर राष्ट्रीय उद्यान
3) सूती कपड़ा उद्योग का केन्द्र (मुंबई)
4) चाय उत्पादक प्रदेश

**<u>अंध विद्यार्थीयों के लिए</u>**

1) रेगिस्तानी जमीन कहाँ पायी जाती है?
2) गीर राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है?
3) महाराष्ट्र में सूती कपड़े का मुख्य केन्द्र कौन सा है?
4) चाय का मुख्य उत्पादक राज्य कौन सा है?

▽▽▽▽